समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 09 September 2026

जयपुर : भाजपा की जीत पर प्रदेश कार्यालय मे विजय उत्सव, CM भजनलाल शर्मा बोले—‘PM मोदी के नेतृत्व की जीत’

राजेश चौधरी

Published on 05 May 2026

[illegible] | [illegible] | [illegible] [illegible] [illegible]

भारतीय जनता पार्टी को पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में मिली प्रचंड जीत के उपलक्ष्य में जयपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में भव्य विजय उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ उत्साहपूर्वक जश्न मनाया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भजनलाल शर्मा ने कहा कि यह ऐतिहासिक जनादेश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व, विकास और सुशासन की नीतियों पर जनता के अटूट विश्वास का परिणाम है। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रभावी संगठन कौशल ने इस जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से पश्चिम बंगाल में कार्यरत पार्टी कार्यकर्ताओं के त्याग और संघर्ष को याद करते हुए कहा कि यह विजय उन सभी समर्पित कार्यकर्ताओं को समर्पित है, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी पार्टी के लिए अथक परिश्रम किया।

उन्होंने राजस्थान सहित देशभर के भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए कहा कि संगठन की मजबूती और सामूहिक प्रयास ही इस सफलता की आधारशिला हैं।

इस अवसर पर मदन राठौड़ सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और उत्सव मनाकर इस जीत की खुशी साझा की।

प्रदेश भाजपा कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम ने पार्टी कार्यकर्ताओं के उत्साह और एकजुटता को दर्शाया, जो आने वाले समय में संगठन को और मजबूती देने का संकेत है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect,

publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.